दिनांक 30/07/2022 को निदेशक सीका की अध्यक्षता में प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ की बैठक का कार्यवाही विवरण

आज दिनांक 30/07/2022 को निदेशक सीका की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय की प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षरों का प्रपत्र संलग्न है ।

बैठक में निदेशक सीका द्वारा पूर्व बैठक में लिए गये निर्णयों की समीक्षा की गई साथ ही वे बिन्दु जिन पर कार्य किया जाना है उन कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये । बैठक में व्यापक विचार विमर्श कर सर्व-सम्मति से निम्न कार्यों को किये जाने पर सभी सदस्यों द्वार सहमति दी गई;

1- निदेशक सीका के सुझाव पर प्रचार-प्रसार हेतु एक स्पष्ट नीति बनाने तथा इसे चरणबद्ध रूप से लागू किये जाने पर सभी सदस्यों द्वारा सहमति दी गई।

2- विश्वविद्यालय के द्वारा की गई गतिविधियों का कम से कम विगत 6 माह का लेखा-जोखा तैयार करने व अखबारों में छपे उससे सम्बन्धित लेखों को संकलित कर Webpage पर Upload किये जाने पर सहमति हुई ।

3- चूकि प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने वाली है अत: Pre-admission counseling इत्यादि के विषय में छात्रों तक जानकारी पहुँचाने हेतु प्रचार-प्रसार को और अधिक सुदृढ़ बनाये जाने व राजकीय/प्राइवेट माध्यमिक स्कूलों में प्रचार-प्रसार के कार्य को गति प्रदान करने पर सहमति प्रदान की गई ।

4- गोद लिए गये गॉवों तक विश्वविद्यालय की पहुॅच को सुनिश्चित करने हेतु अध्यक्ष प्रचार-प्रसार को एक कार्य-योजना तैयार कर प्रवेश से सम्बन्धित सभी चरणों को छात्रों के साथ साझा करने व उन्हें प्रवेश सम्बन्धी नियमों को इन गॉवों तक पॅहुचाने पर सहमति हुई । इस हेतु निर्णय लिया गया कि किस गॉव में किस दिन कार्यक्रम किया जायेगा इसकी सूची तैयार कर ली जाए साथ ही इस कार्यक्रम की सूचना पत्रकारों को भी उपलब्ध करा दी जाए।

5- विश्वविद्यालय में स्थापित कम्यूनिटि रेडियों के माध्यम से सप्ताह में कम से कम एक बार प्रवेश इत्यादि से सम्बन्धित जानकारियों को साझा किये जाने पर सहमति प्रदान की गई। इस हेतु अध्यक्ष प्रचार-प्रसार के माध्यम से प्रति सप्ताह नामित व्यक्ति उक्त कार्य को सम्पादित करेगा ।

6- Career Counseling Seminar आयोजित किये जाने पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि हल्द्वानी परिक्षेत्र के स्कूलों में प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ के द्वारा ही कार्यक्रम किये जायेगें अन्य क्षेत्रों में इस हेतु आयोजनों में सहायक क्षेत्रीय निदेशकों व निदेशक, क्षेत्रीय सेवायें के माध्यम से सहायता ली जायेगी।

7- उक्त कार्यो के साथ ही अखबारों में एक राईटअप दे कर विश्वविद्यालय में Career Counseling Seminar आयोजित किये जाने पर भी सहमति हुई ।

8- प्रवेश की समस्त जानकारियॉ जैसे दूरभाष नम्बर, शुल्क विवरण इत्यादि का एक संक्षिप्त फोल्डर बनाकर रखा जाय, जिससे कि इन आधारभूत सूचनाओं को नव- प्रवेशार्थी, शिक्षार्थियों को दिया जा सके।

उक्त सभी निर्णय सर्व-सम्मति से पारित कर तथा अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न हुई ।

30/7/22

PAGE NO.: 123

DATE: / /

दिनांक 30/7/2022 को निदेशक सीका की अध्यक्षता में प्रचार प्रकोष्ठ की बैठक का उपस्थिति विवरण :

1. प्रोफेसर आर० सी० मिश्र – अध्यक्ष, सीका [signature] 30/7/22
2. प्रोफेसर रेनू प्रकाश – अध्यक्ष प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ Renu
3. डॉ० ममता कुमारी – समन्वयक, प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ [signature]
4. डॉ० गौरी मैत्री – सदस्य, प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ Gauri 30/7/22
5. डॉ० दीपक कुमार – सदस्य, प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ Deepak 30/7/22
6. डॉ० गोपाल दत्त – सदस्य, प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ [signature] 30/7/22
7. श्री राजेन्द्र कबीर – सदस्य, प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ Absent.
8. श्री विनोद बिरवानी – सदस्य, प्रचार प्रसार प्रकोष्ठ Vinod